प्रकाशनार्थ

गोरखपुर। चार्टर्ड अकाउंटेंट्स जुलाई माह में सीए दिवस सप्ताह के अवसर पर आईसीएआई गोरखपुर शाखा ए-52 प्रथम तल, बुद्ध विहार कमर्शियल, फाइव सेंसेस होटल के पास, तारामंडल रोड, गोरखपुर में स्थित अपनी शाखा में एवं गुरु श्री गोरखनाथ ब्लड सेन्टर के संयुक्त तत्वधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।

चेयरमैन सी ए प्रशन गोयल बताते हैं कि 1 जुलाई को भारत में राष्ट्रीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स दिवस (CA Day) मनाया जाता है, जो भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (ICAI) की स्थापना का प्रतीक है। यह दिन चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के योगदान को सम्मानित करने और देश के आर्थिक विकास में उनकी भूमिका को मान्यता देने के लिए मनाया जाता है।

इस रक्तदान शिविर में चेयरमैन सी ए प्रशन गोयल एवं उप चेयरमैन अनिल कुमार अग्रवाल रक्तदान कर प्रशंसा जताई।

इनके साथ नितिन श्रीवास्तव, रोहित अग्रवाल, आकाश गुप्ता, दीपक कुमार , राहुल तिवारी तथा अन्य 23 लोगों ने रक्तदान किया।

इस रक्तदान कार्यक्रम का पूर्ण व्यवस्था सेक्रेटरी सी ए नीतीश कुमार शुक्ला द्वारा किया गया।

ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल सभी रक्तदाताओं को हृदय से धन्यवाद देते हैं तथा निरंतर रक्तदान करने की प्रेरणा दी।

इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में टेक्नीशियन हर्ष गुप्ता, तन्नू तिवारी तथा अन्य कर्मचारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।